पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 261 हल्द्वानी रविवार , 26 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठ: 8

## एक नजर

### उत्तराखंड में कांग्रेस के पक्ष में माहौल : रावत

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आगामी 2027 के विधान सभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में स्पष्ट रुझान बनता दिखाई दे रहा है, जबकि सत्तारूढ़ के खिलाफ जनता में नाराजगी बढ़ रही है। रावत ने अपने बयान में कहा, लोगों में कांग्रेस के लिए एक रुझान दिखाई देता है। भाजपा के लिए नाराजगी दिखाई देती है। सरकार की एंटी-इंकंबेंसी साफ तौर पर उभरकर सामने आ रही है, जिसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं है और बदलाव चाहती है। रावत के अनुसार, कांग्रेस कार्यकर्ता भी उत्साहित हैं और आगामी चुनाव में पार्टी मजबूती से मुकाबला करेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव नजदीक आते ही इस तरह के बयान तेज हो जाते हैं, जिनका उद्देश्य कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना और मतदाताओं को प्रभावित करना होता है। हालांकि, वास्तविक स्थिति का आकलन चुनावी नतीजों के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। उधर, भाजपा की ओर से इस बयान पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन पार्टी पहले भी ऐसे दावों को खारिज करती रही है और अपने विकास कार्यों को चुनावी मुद्दा बताती रही है।




# कलपक्कम रिएक्टर भारत के परमाणु ऊर्जा सफर में मील का पत्थर : मोदी

### मन की बात में विज्ञान, जनभागीदारी और विकास पर जोर

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों, जनगणना अभियान और सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा विज्ञान को विकास का सबसे प्रभावी माध्यम माना है और आज यही दृष्टिकोण देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु स्थित कलपक्कम रिएक्टर का उल्लेख करते हुए इसे भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी तकनीक पर आधारित यह परियोजना देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा रही है और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की स्थिति को मजबूत कर रही है। पीएम मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों की मेहनत से भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने इसे राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बताते हुए कहा कि यह देश की वैश्विक पहचान को मजबूत कर रहा है। गर्मी की छुट्टियों के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने बच्चों से अपील की कि वे समय का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि छुट्टियां केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि नई चीजें सीखने और अपने कौशल को विकसित करने का भी अवसर होती हैं अपने संबोधन में पीएम मोदी ने भारत के डेयरी सेक्टर और पारंपरिक खाद्य संस्कृति का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि हाल ही में ब्राजील में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय चीज़ उत्पादों ने पुरस्कार हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि वैल्यू एडिशन के जरिए भारतीय स्वाद अब वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री ने आगामी जनगणना अभियान को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल होगी। नागरिकों को स्वयं अपनी जानकारी भरने की सुविधा दी जाएगी और इसके लिए एक विशेष आईडी जारी की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी आंकड़े सुरक्षित और गोपनीय रखे जाएंगे। पीएम मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, क्योंकि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि पूरे देश की साझा जिम्मेदारी है।



## जंगल की आग पर पाया काबू

**बाराकोट।** गत रात्रि ग्राम ईजड़ा बाराकोट के समीप जंगल में भीषण आग लग गई जो तेजी से गांव की ओर बढ़ रही थी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन लोहाघाट से टीम मय आवश्यक उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए जंगल की आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया गया तथा आग को गांव तक पहुंचने से पूर्व बुझाकर संभावित बड़े नुकसान को टाल दिया। चंपावत पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि जंगलों में आग न लगाएं तथा जंगलों में आग लगने की सूचना तत्काल नजदीकी फायर स्टेशन अथवा आपातकालीन सेवा को दें।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही कांग्रेस आएगी सत्ता में : गोदियाल

### रुद्रपुर पहुंचने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि कार्यकर्ता के समर्पण, मेहनत, लगन और निष्ठा के चलते ही कांग्रेस वर्ष 2027 में उत्तराखंड में अपनी सरकार बनाएगी। इसके बाद राज्य के विकास के नए-नए रास्ते खुलेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल आज रुद्रपुर पहुंचे जहां काशीपुर रोड पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस का संगठन पूरी तरह से एकजुट होकर कार्य कर रहा है और कार्यकर्ताओं की यही एक जुटता उत्तराखंड में कांग्रेस को सत्ता के शिखर तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर आई एक टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी लगातार हमलावर है लेकिन वह उस मामले में अनभिज्ञ हैं।वह जानते भी नहीं की किस व्यक्ति ने यह किया है। भाजपा सिर्फ झूठा भ्रम फैलाकर जनता को बहकाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की सरकार विकास के मुद्दों पर कोई बात नहीं करती सिर्फ व्यक्तिगत आरोप लगाने में व्यस्त है। ऐसे में अब उनका यह झूठा जाल जनता तोड़ देगी और उन्हें आने वाले चुनाव में सत्ता से बाहर कर देगी। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, मोहन खेड़ा, पार्षद गौरव खुराना ,रणजीत राणा, सलीम ,इकबाल, रमेश, सोहन, दीनदयाल समेत दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे

**उधर** सितारगंज में एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल जब रुद्रपुर पहुंचे तो कांग्रेसियों ने उनका भव्य स्वागत किया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने काशीपुर रोड पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल का बुके देखकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व प्रेम मिल रहा है जो यह दर्शा रहा है कि आने वाला समय कांग्रेस का है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के इस उत्साह, समर्पण और लगन को साक्षी मानते हुए कहा कि अब कांग्रेस ही उत्तराखंड में अपनी सरकार बनाएगी। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अब पूरी प्रतिबद्धता के साथ संगठन के साथ खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है उसे अब यह तय हो गया है की आने वाला समय कांग्रेस का होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठ और फरेब की राजनीति करती है जिसको जनता भली-भांति समझ चुकी है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के रुद्रपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ,ममता हालदार, उमा सरकार,बेबी सरकार ,नासिर अली ,बाबू विश्वकर्मा, नरेश सागर ,श्रीनाथ विश्वास ,किशोर हालदार ,नारायण हालदार, सतीश राजपूत आदि मौजूद थे।



## फायरिंग कांड का खुलासा, आरोपी दबोचा, हथियार बरामद



**हल्द्वानी।** बीते दिन एक सनसनीखेज फायरिंग की घटना सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया। गनीमत रही कि पीड़ित और उसका पोता बाल-बाल बच गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, सुभाष नगर निवासी कमल परमार ने अपने साथियों योगेंद्र परमार और सुदर्शन परमार के साथ कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर दी। शिकायत में बताया गया कि शाम करीब 7 बजे मनीष परिहार नामक व्यक्ति ने अपनी कार (यूके04एक्यू3663) से आकर कमल परमार को निशाना बनाते हुए फायरिंग की। गोली उनके मकान की सीढ़ियों पर जाकर लगी। इस घटना के आधार पर कोतवाली हल्द्वानी में एफआईआर संख्या 139/2026 धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने तुरंत संज्ञान लिया और पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल व क्षेत्राधिकारी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी मनीष परिहार (45 वर्ष), निवासी कृष्णा नगर फेस-6, डहरिया, हल्द्वानी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक 32 बोर रिवाल्वर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।

# वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर मेट्रोपोलिस के कर्मचारियों ने दिया धरना

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** वेतन बढ़ोतरी और अन्य मांगों को लेकर अब मेट्रोपोलिस के कर्मचारियों ने धरना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो धरना और तेज किया जाएगा।

मेट्रोपोलिस गेट पर धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि उनके वेतन में वृद्धि की जाए साथ ही एस आई पीएफ भी लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि हर 4 महीने के बाद उन्हें छुट्टी दी जाए और वर्ष भर में जितने भी त्यौहार आते हैं उसका बोनस अलग से दिया जाए क्योंकि त्योहारों में सरकारी छुट्टियां होती हैं।

उन्होंने कहा कि यदि ड्यूटी के दौरान कोई भी हादसा होता है तो उसकी जिम्मेदारी कंपनी की होगी और वह उसका इलाज करायेगी। उन्होंने कहा की मेट्रोपोलिस कंपनी जल्द ही उनकी मांगों पर विचार करें और उन्हें लागू करें। धरना देने वालों में राधेश्याम, सुरेश राम, अवतार सिंह ,सुखलाल, फिरोज खान, ऋषि पाल, प्रमोद कुमार, बीके भारती, विशाल भारती, सोनू, संतोष ,हरजिंदर सिंह, तेजवीर ,अजय ,शादाब आदि मौजूद थे।



# सम्पादकीय

## गर्मी ने बढ़ाया देश का तापमान

देश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। तापमान के लगातार नए रिकॉर्ड न केवल आम जनजीवन को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि यह एक गहरी पर्यावरणीय चेतावनी भी बनकर सामने आ रहे हैं। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक, लू के थपेड़े, सूखते जलस्रोत और बढ़ती बिजली मांग ये सब मिलकर एक ऐसे संकट की तस्वीर पेश कर रहे हैं, जिसे अब नजरअंदाज करना संभव नहीं। गर्मी का यह प्रकोप केवल मौसमी बदलाव नहीं है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का संकेत है। वैज्ञानिक लगातार यह चेतावनी दे रहे हैं कि पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ रहा है, और भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देश इसका सबसे अधिक प्रभाव झेल रहे हैं। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण की तेज रफ्तार और प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने इस संकट को और गहरा किया है। इस भीषण गर्मी का सबसे बड़ा असर गरीब और श्रमिक वर्ग पर पड़ता है। खुले में काम करने वाले मजदूर, रिक्शा चालक, किसान ये सभी तपती धूप में अपनी आजीविका चलाने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दबाव बढ़ रहा है, हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या हमारी व्यवस्थाएं इस चुनौती के लिए तैयार हैं? सरकार की ओर से समय-समय पर एडवाइजरी जारी की जाती है, स्कूलों के समय में बदलाव किया जाता है और जल वितरण की व्यवस्था की जाती है, लेकिन यह उपाय तात्कालिक राहत तक सीमित हैं। दीर्घकालिक समाधान के लिए ठोस नीतियों की आवश्यकता है जैसे शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र बढ़ाना, जल संरक्षण को प्राथमिकता देना और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना। साथ ही, नागरिकों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। पानी और बिजली का संयमित उपयोग, पेड़ लगाना और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाना अब विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुकी है। गर्मी का यह बढ़ता तापमान हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि यदि आज हमने ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए हालात और भी विकट हो सकते हैं। यह समय केवल चिंता करने का नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास से समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का है। तभी हम इस तपती चुनौती को ठंडी उम्मीद में बदल सकेंगे।

# पत्रकारों से अभद्रता के विरोध में प्रेस क्लब ने दिया ज्ञापन, जांच व कार्रवाई की मांग



**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड प्रेस क्लब ने नगर स्थित मां अंबे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में पत्रकारों के साथ कथित अभद्रता के मामले को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि एक गंभीर प्रकरण की सूचना पर पत्रकार समाचार संकलन के लिए संस्थान पहुंचे थे और अपना परिचय देकर वैधानिक रूप से रिपोर्टिंग कर रहे थे।

आरोप है कि इस दौरान संस्थान के प्रबंधक संदीप सिंह ठाकुर ने आक्रामक और अभद्र व्यवहार करते हुए पत्रकारों के साथ बदसलूकी की तथा उनके कैमरे और मिछ आईडी भी छीन लिए। साथ ही उन्हें डराने-धमकाने की बात कही गई, जिससे उनके कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। प्रेस क्लब ने इस घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि यह पत्रकारों की सुरक्षा के साथ ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी उल्लंघन है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि संस्थान में छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के आर्थिक व मानसिक शोषण, शुल्क वसूली और कार्यस्थल व्यवहार को लेकर शिकायतें मिल रही हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

इसके अलावा संस्थान के बहुमंजिला भवन की संरचनात्मक मजबूती, अग्नि सुरक्षा और अन्य मानकों की जांच कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि भवन के प्रथम तल पर एक विद्यालय संचालित होने की भी जानकारी मिली है, ऐसे में छोटे बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसकी वैधता और सुरक्षा मानकों की जांच कराई जानी चाहिए। प्रेस क्लब ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच कराने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने, पत्रकारों की सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने तथा संस्थान की मान्यता और संचालन की भी जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में रमेश जोशी, अशोक पांडे, किशन जोशी, प्रकाश पांडे, मोहित अधिकारी, संतोष बिष्ट, कमलेश कनवाल, हरीश भंडारी, नसीम अहमद, रोहित भट्ट, हिमांशु लटवाल, पीसी तिवारी, कंचन तिवारी, रोहित कार्की और प्रमोद जोशी ,दीपक पांडे सहित अन्य पत्रकारों के हस्ताक्षर हैं।

# पलायन प्रभावित गांवों में रोजगार सृजन पर जोर

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने विभिन्न विभागों की कार्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में विभागों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि उत्तराखंड पलायन निवारण आयोग ने जनपद के आठ विकासखंडों के 78 गांवों को पलायन प्रभावित के रूप में चिन्हित किया है। इन क्षेत्रों में पलायन की समस्या के समाधान के लिए रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन, आधारभूत सुविधाओं के विकास और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग से संबंधित योजनाएं तैयार की गई हैं। जिलाधिकारी ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावित कार्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और पलायन पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय और समयबद्धता सुनिश्चित करने तथा परिणामपरक कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित विभाग नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें और ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, पीडी डीआरडीए एन तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बंगाल में पहली बार बिना हिंसा के हो रहा मतदान : जोशी



**पिथौरागढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि बंगाल में जिस तरह बिना खून खराबे के, बिना हिंसा के चुनाव संपन्न हो रहे हैं, वह निश्चित रूप से हम सभी के लिए खुशी की बात है और चुनाव आयोग को बधाई है। केंद्रीय सुरक्षा बलों की शांतिपूर्ण चुनाव में बहुत बड़ी भूमिका रही है।

बंगाल में पहली बार बिना हिंसा के चुनाव हो रहा है। वहां की जनता भी बधाई की पात्र है। ममता बनर्जी के शासन से जनता ऊब चुकी है। मतदान के प्रतिशत में भी वृद्धि हुई है। तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार, जुल्म, अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण की नीति और अत्याचार से पश्चिम बंगाल की जनता आहत है। अभी तक हर चुनाव में वहां मतदाताओं को डरा धमका कर, हिंसा करके, गुंडागर्दी कर के कांग्रेस, वामदलों और तृणमूल कांग्रेस ने उनका वोट लिया है। लेकिन इस बार चुनाव आयोग की सख्ती और केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी में वहां पहली बार निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न होने जा रहा है। शांति भंग करने वाले, हिंसा फैलाने वाले और मतदाताओं को डराने धमकाने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। बंगाल की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार वहां बनने जा रही है। ममता दीदी की विदाई होगी और भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल को अन्याय, हिंसा, भ्रष्टाचार, अपराधीकरण, कुशासन और अवैध घुसपैठियों से मुक्ति प्रदान करेगी और सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के आधार पर सुशासन प्रदान करेगी, यही मोदी सरकार की नीति है। पांच राज्यों के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी राज्यों में दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

# ग्रामीणों ने की गैस की किल्लत दूर करने की मांग

**पिथौरागढ़।** रियांसी ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार के नेतृत्व में महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करके जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं को ज्ञापन सौंपकर उन्हें रसोई गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि मल्ली एवं तल्ली रियांसी में विगत 3 महिने से तिलढुकरी गैस सर्विस पिथौरागढ़ का वाहन गैस वितरित करने के लिए नहीं आया है। जिस कारण समस्त ग्रामवासियों को गैस की किल्लत होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव की छह सौ से अधिक आबादी गैस की किल्लत के कारण अपने दैनिक कार्यों को करने में असमर्थ है। उनके गांव में जंगल भी नहीं है। ग्रामवासियों को भोजन पकाने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर घरों में तीनों समय का भोजन नहीं बन पा रहा है। मल्ली और तल्ली रियांसी के अतिरिक्त चौपखिया, झौलखेत, लांगड़ी, मड़ेगांव, न्यू बस्ती एवं वल्दे की जनता भी गैस की किल्लत से परेशान है।


## आवश्यकता है

**हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।**

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादकः सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# नीट परीक्षा के लिए जनपद में बनाए छह परीक्षा केंद्र



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रूद्रपुर।** आगामी 03 मई रविवार को अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक नीट-2026 की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को शान्तिपूर्ण तथा पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में 06 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।

अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने जिला सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों व समन्वयको की बैठक लेते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जनपद में 06 परीक्षा केन्द्र जिसमे प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नया भवन पंतनगर, प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पुराना भवन पंतनगर, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय काशीपुर, आईआईएम काशीपुर, पीएमश्री अटल उत्कृष्ठ एएनझा राजकीय इण्टर कालेज रूद्रपुर व पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय रूद्रपुर परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा कार्य में कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की ड्टी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, निर्धारित समय पर अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए, परीक्षा केंद्र में आवश्यक दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए सीसी टीवी कैमरे की जद में प्रश्नपत्र रखे व खोले जाएं। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर जैमर लगाकर चैक भी कर लिया जाये की जैमर काम कर रहा है या नही। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा का आयोजन जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी कर्मचारी के पास मोबाइल न हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है।

उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों में किसी भी परीक्षार्थी को जूता पहनकर प्रवेश की अनुमति नही होगी। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करा लें। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्युत, पानी, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली जाये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय त्रिभुवन आर्य, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय कंचन जोशी, प्रधानाचार्य एएनझा राजपति बिंद, प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय काशीपुर प्रकाश चन्द्र पंत, स्वास्थ्य विभाग से डॉ0 रविन्द्र पाल सिंह, शिक्षा से डीके त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# बार-बेंच समन्वय से मजबूत होगी न्याय व्यवस्था: न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** जजी कोर्ट परिसर में हल्द्वानी बार एसोसिएशन के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल तथा विशिष्ट अतिथि जिला जज प्रशांत जोशी उपस्थित रहे।

समारोह में न्यायिक अधिकारियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस दौरान सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने निष्पक्षता, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने कहा कि न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में बार और बेंच की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता एवं न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग से ही वादकारियों को समयबद्ध एवं सुलभ न्याय मिल सकता है। अधिवक्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में सेतु की भूमिका निभानी चाहिए।

बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बार के प्रत्येक सदस्य




के सम्मान एवं हितों की रक्षा के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा मिले विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए न्यायालय की गरिमा बनाए रखने, अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करने एवं आमजन के अधिकारों के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। साथ ही लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु बार एवं बेंच के बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया।

समारोह में यह संकल्प भी लिया गया कि न्यायालय परिसर में अनुशासन, पारदर्शिता एवं सकारात्मक वातावरण बनाए रखा जाएगा तथा वादकारियों को बेहतर विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।कार्यक्रम में बार काउंसिल सदस्य डी.के. शर्मा, मेहरमान सिंह कोरंगा, दिवाकर पांडे, राजन सिंह मेहरा, चंद्रशेखर जोशी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र सिंह पाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर पंत, दीवान सिंह बिष्ट, राम सिंह बसेड़ा, भुवन चंद पनेरू, मुकेश तिवारी, जगत सिंह घूरदौड़ा, बसंत जोशी, दिनेश चंद तिवारी, मोहन चंद वर्मा, मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल मतीन, प्रकाश कांडपाल, जोगिंदर लाल अरोड़ा, राजीव टंडन, महेश सुयाल, नैनीताल बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण बिष्ट, रामनगर बार अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी, एन.के. जोशी, हिमांशु कोठारी, दीपक रूबाली, सुनील पुंडीर, योगेंद्र पाठक, विनीत मौलिक, रमेश कांडपाल, गोविंद डंगवाल, कोमल जायसवाल, जयवीर आदि मौजूद रहे। अंत में सभी अतिथियों एवं अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# नालों के अतिक्रमण पर सख्ती, जल निकासी दुरुस्त रखने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** खत्याड़ी क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने शनिवार को नालों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों के माध्यम से जल निकासी की समुचित और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बरसात के दौरान जल रुकाव और जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण में नालों में हो रहे अतिक्रमण पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही नालों में कूड़ा-करकट डालने पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सख्त निगरानी और जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल निकासी तंत्र को बाधित करने वाले तत्वों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि नालों के लिए शीघ्र ही प्राकृतिक आधारित जल शोधन योजना प्रस्तावित की जाएगी, जिससे जल के साथ बहने वाली गंदगी को नदी में जाने से पहले ही रोका जा सके और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अस्पताल में तैनात पीआरडी जवान को पीटा

**पिथौरागढ़।** जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़ में मरीज के साथ आए कुछ लोगों ने वाहन पार्क करने से मना करने पर ड्यूटी में तैनात पीआरडी जवान प्रवीण कुमार जोशी की पिटाई कर दी। जिससे उसका कान का परदा फट गया। जवान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे कुछ लोग मरीज को वाहन में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने उन्हें नियमानुसार दूसरे स्थान पर वाहन पार्क करने के लिए कहा। तभी तीमारदारों ने भड़ककर उनकी पिटाई कर दी और अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों के साथ भी अभद्रता की। जब स्वास्थ्यकर्मियों ने पुलिस हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज की तो वे लोग बिना उपचार कराए ही वहां से भाग गए। पुलिस उपाधीक्षक गोविंद बल्लभ जोशी ने बताया कि मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उधर पीएमएस डॉ. भागीरथी गर्ब्याल ने घटना पर रोष प्रकट करते हुए जिला अस्पताल में पुलिस की तैनाती की मांग की है। उन्होंने कहा कि आए दिन जिला अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों से अभद्रता की जा रही है। इससे स्वास्थ्य कर्मियों में भय का माहौल व्याप्त है और वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# 10 पेटी अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बागेश्वर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत एसपी जितेन्द्र मेहरा ने सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही कर महत्वपूर्ण बरामदगी के निर्देश दिए है।इसी क्रम में थाना झिरौली और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सघन चैकिंग के दौरान अभियुक्त भुवन चंद्र जोशी निवासी करासघट थाना झिरौली को 10 पेटी अवैध माल्टा देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना झिरौली में धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया हैं।अभियुक्त को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी थानाध्यक्ष झिरौली उप निरीक्षक जीवन सिंह सामंत हेड कांस्टेबल प्रमोद रावत,एसओजी से संतोष सिंह व भुवन बोरा आदि थे।

# नाबालिग का अवैध गर्भपात कराने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कपकोट।** थना कपकोट में नाबालिग का अवैध गर्भपात कराने के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।कपकोट पुलिस ने मामले में पंजीकृत अभियोग में धारा 65(1)/88 पोक्सो अधिनियम में विवेचना के दौरान नाबालिक का गर्भपात करानेके मामले में नन्दन सिह राठौर उर्फ नन्दू एवं लक्ष्मी टम्टा का नाम प्रकाश में आने पर थाना कपकोट द्वारा अभियुक्त नन्दन सिंह राठौर उड़ नंदू व लक्ष्मी टम्टा को धारा 89/61(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# जनगणना-2027 का पहला चरण शुरू

**अल्मोड़ा।** जनगणना-2027 का प्रथम चरण शनिवार से जिले में शुरू हो गया है, जिसके तहत 24 मई तक मकान सूचीकरण और भवन गणना का कार्य किया जाएगा। इस चरण में प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। जनपद में कुल 19 चार्ज क्षेत्र बनाए गए हैं, जिनमें नगर निगम अल्मोड़ा सहित अन्य 18 क्षेत्र शामिल हैं। कार्य के संचालन के लिए एक मास्टर ट्रेनर, 40 फील्ड ट्रेनर, करीब 1373 प्रगणक और लगभग 252 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जा रही है, जिससे प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके। नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रगणकों द्वारा पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों का सही और पूर्ण उत्तर दें, ताकि आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित हो सके। अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने बताया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रखी जाएगी और इसे किसी अन्य उद्देश्य के लिए साझा नहीं किया जाएगा। किसी भी जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1855 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नमामि गंगे की समीक्षा में डीएम सख्त

**बागेश्वर,गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नमामि गंगे की मासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में



नदियों के संरक्षण, नगर क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा जल निकासी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट के अनिवार्य पृथक्करण पर विशेष जोर देते हुए नगर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकायों को स्वच्छता शुल्क संग्रह लक्ष्य आधारित तरीके से सुनिश्चित करने तथा चालान की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। लेगेसी वेस्ट के निस्तारण पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में स्थित पुराने अपशिष्ट का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए और किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।जिलाधिकारी ने जिला पंचायत को ट्रैक मार्गों के सभी पड़ावों एवं प्रमुख पर्यटक स्थलों पर नियमित व सुदृढ़ स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बायो-मेडिकल वेस्ट के समुचित प्रबंधन तथा पिंडारी ग्लेशियर ट्रैक मार्ग पर साफ-सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने गरुड़ एवं बागेश्वर में ट्रेंचिंग ग्राउंड हेतु भूमि चिन्हित करने के लिए संबंधित उपजिलाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना, मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में शिवालिक भागीरथी स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम



**नवीन नेगी**

**ऋषिकेश।** उत्तराखण्ड बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम-2026 में शिवालिक भागीरथी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम एक बार फिर शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया।

इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान वर्ग की छात्रा सुहानी ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रिया ने 86.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा सलोनी ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हाईस्कूल परीक्षा में मानवी खत्री ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने राज्य वरीयता सूची में दसवां तथा जिला वरीयता सूची में चौथा स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सूर्यांश जोशी ने 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा महक ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के प्रबंधक लक्ष्मण सिंह चौहान ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दीपक भारद्वाज एवं अकादमिक निदेशक अक्षत चौहान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सितारगंज के छात्रों ने रचा सफलता का इतिहास

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** क्षेत्र के मेधावी छात्रों ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर सफलता का नया इतिहास रच दिया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र दीपांशु जोशी ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 10वां स्थान हासिल किया।

दीपांशु ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि वे रोजाना नियमित रूप से कई घंटे पढ़ाई करते थे। सामाजिक विज्ञान, गणित और विज्ञान विषयों में उनकी विशेष रुचि रही। भविष्य में वे शिक्षक बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं।

वहीं, क्षेत्र की ही छात्रा शिफा ने 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 16वां स्थान हासिल किया। वह जीजीआईसी सितारगंज की छात्रा हैं और शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। हाईस्कूल में भी उन्होंने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में टॉप किया था।

शिफा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, प्रधानाचार्य और माता-पिता को दिया। पिता दैनिक मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। शिफा का लक्ष्य शिक्षिका बनकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना है। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## हाईस्कूल परीक्षा में भूमिका फत्याल का शानदार प्रदर्शन, मेरिट में 20वां स्थान

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**शक्तिफार्म।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्तिफार्म की मेधावी छात्रा भूमिका फत्याल ने उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 20वां स्थान हासिल किया है। बालिका वर्ग की मेरिट में भी उन्होंने 17वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

भूमिका ने हिंदी में 90, अंग्रेजी में 95, गणित में 93, विज्ञान में 97 तथा सामाजिक विज्ञान में 93 अंक अर्जित किए। कुल 93.6 प्रतिशत अंक के साथ उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। भूमिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## धौलछीना मां आनंदमई इंटर कॉलेज का हाईस्कूल व इंटर में शत प्रतिशत परिणाम

**धौलछीना।** श्री श्री मां आनंदमई राइंका, धौलछीना ने वर्ष 2026 के उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों स्तरों पर 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

हाईस्कूल में कुल 38 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। तीन छात्रों ने ससम्मान, 19 ने प्रथम श्रेणी, 15 ने द्वितीय श्रेणी तथा एक छात्र ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। मेधावी छात्रों में दिव्यांश पांडे ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रेनू नेगी ने 87.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा दीपा ने 77.40 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं इंटरमीडिएट में भी सभी 37 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। सात छात्रों ने ससम्मान उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। सौरभ मेहरा ने 79.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, उषा भट्ट ने 78.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा काजल आर्या ने समान प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह मेहरा ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर, जीवनधाम का इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। हाईस्कूल परीक्षा में 40 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं, जिनमें 22 छात्राओं ने ऑनर्स के साथ सफलता हासिल की। वहीं इंटरमीडिएट में 33 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं, जिनमें 25 छात्राओं ने ऑनर्स के साथ परीक्षा पास की। विद्यालय की छात्रा सानिया बिष्ट ने राज्य वरीयता सूची में सामान्य वर्ग में 18वां और बालिका वर्ग में 15वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

हाईस्कूल की टॉप-10 सूची में निकिता भट्ट, खुशी मेहता, दीपिका पिलख्वाल, बबीता बिष्ट, बबीता अधिकारी, हर्षिता मटेला, प्राची सुधार, नवमी मेर, आरुषि मेहरा और जानवी आर्या शामिल रहीं। वहीं इंटरमीडिएट की टॉप-10 सूची में सानिया बिष्ट, प्रियंका जीना, दीप्ती जोशी, हिमानी बिष्ट, रोशनी रावत, मानसी रौतेला, साक्षी बोरा, अपूर्वा, बबीता शर्मा और मेघना पेटशाली ने स्थान बनाया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य गोदावरी चतुर्वेदी, आचार्य मुकेश सिंह बनकोटी, गिरीश पंत, कुशाल सिंह चौहान, यशपाल भट्ट, मनोज पाटनी, आचार्या लता तिवारी, चम्पा रावल, भगवती खोलिया, प्रेमा बिष्ट, बिनीता जड़ौत, दीप्ती रावत, आंचल ढोढ़ियाल, दीप्ती पाण्डेय, श्वेता उपाध्याय, लता पाण्डेय, दीपा गढ़िया और स्मिता जोशी ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय छात्राओं की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

## विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा के 10 छात्र प्रदेश वरीयता सूची में

**अल्मोड़ा।** विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में इस वर्ष कुल 10 छात्रों ने प्रदेश वरीयता सूची में स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय से हाईस्कूल परीक्षा में 232 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 229 उत्तीर्ण रहे। वहीं इंटरमीडिएट में 188 परीक्षार्थियों में से 175 छात्र सफल हुए। हाईस्कूल में 86 छात्रों ने ससम्मान, 176 ने प्रथम, 76 ने द्वितीय और 7 ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की। इंटरमीडिएट में 47 छात्रों ने ससम्मान, 148 ने प्रथम और 27 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। प्रधानाचार्य आलम सिंह उनियाल ने बताया कि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 98.2 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का 93.94 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट के 6 और हाईस्कूल के 4 छात्रों ने प्रदेश वरीयता सूची में स्थान बनाया है। परीक्षा परिणाम पर प्रधानाचार्य आलम सिंह उनियाल, पूर्व प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावल, प्रधान प्राध्यापक भूपेश पंत, भाष्करानंद कांडपाल, गुरुदेव जोशी, मनोज कुमार पंत, रमेश भट्ट, कैलाश जोशी, नीरज पथनी, लक्ष्मण सिंह, विद्या लटवाल, दीपशिखा पंत और शंकर सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार ने खुशी जताते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि कक्षा 11 में प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से शुरू होगी। उत्तीर्ण छात्र इस तिथि से विद्यालय पहुंचकर प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं, जबकि कक्षा 11 की नियमित पढ़ाई भी 1 मई से प्रारंभ कर दी जाएगी।

## एसवीएम इंटर कॉलेज की पूजा मिश्रा ने मेरिट सूची में किया 23 वां स्थान प्राप्त



**पिथौरागढ़।** बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में हीरा देवी भट्ट सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज खड़कोट की छात्राओं ने 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विशेष रूप से पूजा मिश्रा ने राज्य मेरिट सूची में 23वां स्थान प्राप्त किया तथा 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाई स्कूल में स्वाति कांडपाल, पूजा मिश्रा, जिज्ञासा भट्ट तथा इंटरमीडिएट में प्रज्ञा जोशी, पायल कुरैशी, कनक टम्टा, अंजली बड़ाल और रुचिका भट्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रबंधन समिति ने कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है जो अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा बनेगा। प्रधानाचार्या रेखा जोशी ने कहा कि हमारी छात्राओं ने लगन और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। यह उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और हमें उन पर गर्व है। साथ ही उन्होंने समस्त विद्यालय परिवार एवं स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया। पूजा मिश्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने विद्यालय, प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों को दिया है। विद्यालय स्टाफ की भगवती अवस्थी, सुशीला, अखिलेश सौन, ललित मोहन जोशी, अंजलि अधिकारी, निशा उप्रेती, नीता जोशी, गीता जोशी, संगीता सौन, कलशा एवं भारती जोशी ने सभी छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

## रुद्रपुर की सुशीला ने रचा इतिहास, पूरे राज्य में रही टॉपर




**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** भूरारानी स्थित भंजुराम अमर इंटर कॉलेज ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण व्याप्त है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यालय प्रबंधन के सतत प्रयासों का यह सराहनीय परिणाम है।

इस वर्ष विद्यालय की मेधावी छात्रा सुशीला मेहंदीरत्ता, पुत्री योगेश मेहंदीरत्ता ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थानप्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर 98% अंक हासिल किए, जो उनकी प्रतिभा, लगन और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है।विद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस सफलता के पीछे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित शिक्षण पद्धति तथा अभिभावकों के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

विद्यालय के मैनेजर सुरेश गांधी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिमा दास ने छात्रा की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

विद्यालय परिवार की ओर से इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर छात्रा एवं उसके अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गई तथा भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छूने की कामना की गई।

# बागेश्वर जिले ने राज्य में टॉप स्थान प्राप्त कर बनाया कीर्तिमान



## सरस्वती शिशु मंदिर चौरासी की छात्रा गीतिका पंत ने राज्य में पाया सर्वोच्च स्थान

**बागेश्वर।** राज्य परिषदीय परीक्षाओं में जनपद बागेश्वर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। रिजल्ट जारी होते ही जिले के शैक्षिक विश्लेषण हुआ।वही छात्र अपने रिजल्ट देखने ऑनलाइन साइट में देखकर अपने अभिवावकों और रिश्तेदारों को जानकारी देते हुए छात्रों के अच्छे प्राप्तांक प्राप्त करने पर बधाई देने लगे। वही शिक्षक भी अपने विद्यालय का अच्छा रिजल्ट आने पर खुशी मनाते नजर आए। इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद का परिणाम 94.81 प्रतिशत रहा, जिससे बागेश्वर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में 96.98 प्रतिशत परिणाम के साथ जनपद ने पुन: प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। समग्र रूप से भी बागेश्वर ने राज्य स्तर पर ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 3237 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 3201 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 3035 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में 3195 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 3150 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 3055 छात्र-छात्राएं सफल रहे।

राज्य स्तरीय श्रेष्ठता सूची में भी जनपद के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट में सरस्वती शिशु मंदिर चौरासी की छात्रा गीतिका पंत ने 490 अंक प्राप्त कर 98फीसदी अंक के प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।राबाइंका कांडा की खुशी कांडपाल व दीक्षा कांडपाल उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। खुशी कांडपाल ने 96.40प्रतिशत के साथ 5वां स्थान प्राप्त किया दीक्षा ने 94.60 फीसदी अंकों के साथ14वा स्थान प्राप्त किया।

राइका हिचौड़ी के छात्र ने भी रोहित सिंह मेहता ने 94.60प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से 14वां स्थान हासिल किया। विवेक सिंह देव 94 प्रतिशत के साथ 17वें, स्नेहा आर्या 92.80 प्रतिशत अंक के साथ 23वें तथा अनीशा सिंह एवं आशीष लोहनी 92.60 प्रतिशत अंक के साथ 24वें स्थान पर रहे। हाईस्कूल परीक्षा में योगेश जोशी ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। नैंसी नगरकोटी (95.60 के साथ 10वें, लोकेश सिंह नेगी 94.80 के साथ 14वें स्थान पर रहे। तमन्ना ऐठानी 93.20 के साथ 22वें, साक्षी मेहता 93. के साथ 23वें तथा रविकांत एवं नेहा ऐठानी 92.60 प्रतिशत अंक के साथ 25वें स्थान पर रहे। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने वर्ष 2026 की परिषदीय परीक्षाओं में जनपद बागेश्वर के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की। सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है।वही प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रतिभाशाली छात्रा गीतिका को बधाई देने वालों का तांता लगा है।वही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी टॉपरों को बधाईया दी।वही जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने प्रदेश और जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाईया दी।

## जिले में तीन छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया टॉप जिलाधिकारी ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

**उत्तरकाशी।** जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड बोर्ड के हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है। जनपद के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि बोर्ड परीक्षा की वरीयता सूची में टॉप-10 में जिले के 03 मेधावियों ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती है।

उत्तराखंड बोर्ड द्वारा जारी हाईस्कूल के परिणाम में जनपद से इशांत कोठारी द्वारा 500 में से 490 अंकों के साथ राज्य में दूसरा स्थान, प्रांजल सिंह द्वारा 484/500 अंकों के साथ 5वा स्थान और रानी द्वारा 483/500 अंकों के साथ 6वा स्थान प्राप्त किया गया।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपनी लगन और निरंतर प्रयास से वे आगे भी निरंतर सफलता प्राप्त करें और जिले का नाम रोशन करते रहें।

## जीआईसी जयदेवपुर सिगड़ी का परीक्षाफल घोषित, ज्योति कबडाल मेरिट में

**कोटद्वार।** उत्तराखंड बोर्ड वर्ष 2026 का परीक्षाफल घोषित हो गया है। हाईस्कूल में छात्रा ज्योति कबडाल ने 480/500 (96प्रतिशत) अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट में आठवां स्थान हासिल किया, साथ ही गणित में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 का परिणाम 96 प्रतिशत रहा, जबकि इंटरमीडिएट का परिणाम 90 प्रतिशत दर्ज किया गया। प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बेहतर भविष्य की कामना की।

## भावना ने इंटर में, दीपांशु व नेहा ने पाया मेरिट में स्थान

**दन्यां।** राजकीय इंटर कालेज खेती की भावना जोशी ने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अठारहवीं और नेहा भट्ट व दीपांशु ने हाईस्कूल परीक्षा में क्रमश 18 वीं और बीसवीं रैंक में स्थान प्राप्त किया है। दन्यां क्षेत्र के तीन बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रतिभावन बच्चों को शुभकामनाएं दी है।राजकीय इंटर कालेज खेती की 12 वीं की छात्रा भावना जोशी ने 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ 18 वीं और एलएसएन इंटर कालेज दन्यां की नेहा भट्ट ने हाईस्कूल परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 18 वां स्थान प्राप्त किया है। सरयू घाटी क्षेत्र में स्थित राइंका आरासलपड़ के दीपांशु ने 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ बीसवीं रैक हासिल की है। जीआईसी खेती के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि उनके विद्यालय के बच्चों ने लगातार तीसरी बार बोर्ड परीक्षा में मेरिट में स्थान बनाने में सफलता प्राप्त की है। एलएसएन के प्रधानाचार्य नवीन चंद्र पांडे और जीआईसी आरासलपड़ के संजय कुमार ने मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं दी है।



### भावना जोशी इंटर में 18 वां स्थान

जीआईसी खेती की होनहार बालिका भावना जोशी के पिता ग्राम प्रधान हैं मां चंपा जोशी ग्रहणी है। भावना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ जीआईसी खेती के समस्त शिक्षकों और भगवान को दिया है। उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण कर शिक्षिका बनकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षित करने की ईच्छा जताई है।



### नेहा ने हाईस्कूल परीक्षा में 18 वां स्थान

लक्ष्मी शिक्षा निकेतन दन्यां की छात्रा नेहा ने हाईस्कूल परीक्षा में 18 वां स्थान प्राप्त किया है। नेहा के पिता भुवन चंद्र भट्ट दुकानदार और मां शांति भट्ट गृहणी है। नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, एलएसएन के शिक्षकों और ईश्वर को दिया है। नेहा ने बताया कि उसका पहला लक्ष्य इंटरमीडिएट की परीक्षा को टॉप करना है उसके बाद प्रशासनिक अधिकारी बनना है।



### दीपांशु ने बीसवीं रैंक हासिल की

दीपांशु ने जीआईसी आरासलपड़ से 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ बीसवीं रैक हासिल की है। दीपांशु के पिता जगत सिंह की अल्पायु में ही मृत्यु हो गई थी। उसकी माता जानकी देवी गृहणी है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता, गुरूजनों और ईश्वर को दिया है। बड़ा होकर अपने माता पिता के सपनो को पूरा करने और इंजीनियर बनने की अभिलाषा है दीपांशु की।

## तीन सालों में पांच बच्चों ने पाया मेरिट में स्थान

### इस बार मेरिट में स्थान पाने वाली भावना जोशी के अंग्रेजी विषय में आए 100 अंक

**शिवेंद्र गोस्वामी**

**अल्मोड़ा-** विगत तीन सालों ने दूरस्थ इलाके में स्थित जीआईसी खेती के पांच बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभावग्रस्त और अतिदुर्गम इलाके के इस विद्यालय के होनहार बच्चे प्रतिवर्ष शिक्षण और शिक्षणेतर गतिविधियों में अव्वल आ रहे हैं। दुर्गम गांवों से पांच से सात किमी पैदल चलकर विद्यालय आने वाले बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर विभागीय अधिकारियों के अलावा अनेक अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

जनपद मुख्यालय से 60 किमी दूर धौलादेवी ब्लाक के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित राजकीय इंटर कालेज खेती में अध्यनरत छात्र सुंदर सिंह ने वर्ष 2023 में पहली बार बोर्ड परीक्षा में स्थान प्राप्त किया था। मलाण गांव के दूरस्थ तोक खेतीगांव से बीपीएल परिवार का यह बालक सात किमी की खड़ी चढ़ाई पार कर विद्यालय आता था। उसके बाद वर्ष 2024 में तीन बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। दो बालिकाएं इंटरमीडिएट की और एक बालक ने हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर वरियता सूची में स्थान प्राप्त किया। तीनों बच्चे विद्यालय से पांच किमी की दूरी पर स्थित गांव से पैदल आते थे। इस वर्ष सुदूर चौड़ा गांव की भावना जोशी ने इंटरमीडिएट की वरियता सूची में 18 स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि बालिका ने अंग्रजी विषय में 100 अंक प्राप्त कर रिकार्ड बनाया है।


पीटीए अध्यक्ष गोकुल पांडे और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने इस उपलब्धि के लिए समूचे विद्यालय परिवार और होनहार बच्चों के माता पिता को दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी धौलादेवी प्रेमा बिष्ट, ने बताया कि बीते तीन सालों में जीआईसी खेती के पांच बच्चे वरियता सूची में स्थान बनाने में कामयाब हुए हैं। यह बेहद सुखद है। इस बार भावना जोशी ने इंटरमीडिएट की वरियता सूची में 18 वां स्थान हासिल कर दूरस्थ क्षेत्र क विद्यालय का नाम रोशन किया है। सभी शिक्षक और अभिभावकों बधाई। प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि जीआईसी खेती में सरयू घाटी क्षेत्र में स्थित दूरस्थ गांवों के बच्चे पैदल आते हैं। बीते तीन सालों में पांच बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। यह विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। मेहनती शिक्षकों, जागरूक अभिभावकों और उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशों का ही यह प्रतिफल है। मेरा बिषय अंग्रेजी का है और मेरिट में स्थान बनाने वाली बालिका के अंग्रेजी विषय में शत प्रतिशत अंक हैं जो मेरे लिए सर्वाधिक खुशी की बात है।

## कड़ी मेहनत और लगन से ही जीवन में मिलती है सफलता

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल (10वीं) एवं इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा 2026 के घोषित परिणामों पर भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने अपने संदेश में कहा कि परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन तथा अभिभावकों एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं और उनकी यह सफलता आने वाले समय में राष्ट्र



निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करते हुए उच्च लक्ष्य निर्धारित करें और निरंतर प्रयासरत रहें। सफलता का यही मार्ग उन्हें जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान, कौशल और संस्कारों के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। उन्होंने विशेष रूप से उन छात्रों की सराहना की जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कठिन परिश्रम कर उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए। उन्होंने उन छात्र-छात्राओं का भी मनोबल बढ़ाया जिनका परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। जीवन में असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत और सीखने का अवसर है। ऐसे विद्यार्थी निराश न हों, बल्कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और अपनी कमजोरियों को दूर करते हुए पुन: सफलता की ओर कदम बढ़ाएं।भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दफौट नौगांव मोटर मार्ग खस्ताहाल

## सड़क निर्माण के बाद सड़क की मरम्मत होने से ग्रामीणों में आक्रोश

- कार्यदायी संस्था पीएमजीएसवाई पर अनदेखी करने के लगाए आरोप
- जिलाधिकारी से सड़क निर्माण में हुई अनदेखी पर उच्चस्तरीय जांच कर उचित कार्रवाई की उठाई मांग



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**बागेश्वर।** दफौट मोटर मार्ग से तिगड़ा बेंड से नौगांव हरु मन्दिर तक कार्यदायी संस्था पीएमजीएसवाई द्वारा बनाई गई सड़क बदहाल स्थिति में है। वर्ष 2020 में सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ, जिसके बाद सड़क कटान के साथ ही डामरीकरण भी किया गया पर सड़क निर्माण पूरा होने के बाद विभाग द्वारा अब तक सड़क को केवल शो पीस बनाकर रख दिया गया है।

विभाग की अनदेखी के चलते सड़क जगह जगह संकरी और दुर्घटना को दावत देने वाली बनी है ग्रामीणों ने सड़क पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी होने, डामरीकरण होने के बाद कुछ ही समय में सड़क पर जगह जगह गड्ढे बन जाने और विभाग द्वारा सड़क निर्माण में अलाइमेन्ट में बदलाव कर मानकों की अनदेखी करने, सड़क निर्माण कार्य हेतु बनी विभिन्न समितियों से ऑडिट होने के बाद सड़क की स्थिति बदहाल होने पर नाराजगी जताई हैं ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई सुध नहीं लेने के आरोप लगाए है ग्रामीण गुसाईं सिंह दफौटी हयात सिंह,योगेंद्र सिंह, कमला देवी बसंती देवी,इंद्र सिंह जगदीश सिंह,रणजीत सिंह, नन्दन सिंह दफौटी, सहित स्थानीय वाहन और वाहन स्वामियों ने नाराजगी जताते हुए सड़क निर्माण के बाद सड़क में सुरक्षा नियमों की अनदेखी होने, कई स्थानों में सड़क की दयनीय हालत होने से सड़क पर दुर्घटना होने की आशंका जताई है ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में आए दिन कई दोपहिया वाहन रपटने से वाहन में सवार लोग चोटिल हो चुके हैं।

वही राइका दफौट मेंजनवरी माह में लगे जनता दरबार मे ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की जांच की मांग उठाई थी,जिस पर जिला प्रशासन द्वारा जांच का आश्वासन मिलने और सड़क की बदहाल स्थिति को तत्काल ठीक करने के आश्वासन मिलने के बाद भी सड़क की स्थिति नही सुधरने से ग्रामीणों में रोष है ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा कुछ सड़कों पर प्रतिवर्ष सड़क मरम्मत, और डामरीकरण कराया जाता है पर पीएमजीएसवाई द्वारा बनाई गई सड़क खस्ताहाल हो चुकी है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सड़क की दुर्दशा को ठीक कराने हेतु इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की ग्रामीणों ने जल्द सड़क की हालत नही सुधारे जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है वही अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल ने बताया कि कार्यदायी संस्था से इस सम्बंध में जानकारी ली जाएगी, यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** सितारगंज-खटीमा बाईपास मार्ग पर शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब आरबीएम से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित हो गया। बेकाबू ट्रॉली दुकानों के बाहर खड़ी गाड़ियों से टकरा गई। हादसे में एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि तीन अन्य वाहनों को भी नुकसान पहुंचा तथा दो लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना जेडी रेस्टोरेंट के पास हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इस तरह की लापरवाही बड़े हादसों को न्योता दे रही है।




## बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए 1.18 करोड़ की पहली किस्त जारी

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** क्षेत्र में बाढ़ और नदी कटाव की समस्या से राहत दिलाने के लिए शासन ने दो योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इन योजनाओं पर कुल लगभग 2.95 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि पहली किस्त के रूप में 1.18 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। पहली योजना ग्राम रुद्रपुर के आबादी क्षेत्र के लिए स्वीकृत की गई है, जिसकी लागत 146.67 लाख रुपये निर्धारित है। इसके तहत 40 प्रतिशत धनराशि के रूप में 58.67 लाख रुपये की पहली किस्त जारी हुई है। वहीं दूसरी योजना ग्राम निर्मल नगर (20 क्वार्टर) क्षेत्र के लिए है, जिसकी कुल लागत 148.48 लाख रुपये है, जिसमें से 59.39 लाख रुपये की पहली किस्त दी गई है। दोनों योजनाएं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत स्वीकृत की गई हैं और इनका क्रियान्वयन सिंचाई विभाग द्वारा किया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद बैगुल नदी के किनारे बसे क्षेत्रों को बाढ़ और कटाव से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे।

## राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** देहरादून में आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु उधम सिंह नगर जिले की टीम आज उत्साह और जोश के साथ रवाना हुई। टीम के खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखा गया। जिला टीम को रवाना करते हुए कोच मोहम्मद हसन खान ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उधम सिंह नगर जिले से कुल 14 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें 12 बालक एवं 2 बालिकाएं शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों ने पिछले कई सप्ताहों से कठिन अभ्यास, फिटनेस ट्रेनिंग और तकनीकी तैयारी की है। खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है और उन्हें जिले के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है। कोच मोहम्मद हसन खान ने कहा कि उधम सिंह नगर के खिलाड़ी लगातार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिले का नाम रोशन कर रहे हैं और किकबॉक्सिंग में भी बच्चों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम इस बार भी शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतकर लौटेगी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को अनुशासन, तकनीक और मानसिक मजबूती पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। टीम में शामिल खिलाड़ी अपने-अपने भार वर्गों में मुकाबला करेंगे। खिलाड़ियों के रवाना होने से पूर्व अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलेवासियों ने भी टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। उधम सिंह नगर की यह टीम देहरादून में होने वाली प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी। अब सभी की निगाहें खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी हुई हैं।

## विधायक मयूख महर ने जनहित के कार्यों में अड़चन डालने का लगाया आरोप

**पिथौरागढ़।** विधायक मयूख महर ने कहा कि उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी का फोन आया कि जिला योजना में महिला चिकित्सालय में लिफ्ट लगाने वाला प्रस्ताव मैं अपने लेटर पैड में दूं और मैने इस आशय का प्रस्ताव उन्हें प्रेषित भी कर दिया।



सर्वविदित है कि इस वर्ष जिला योजना में प्रस्तावित कार्य अगले वित्तीय वर्ष में प्रारंभ किए जाएंगे। यानि पूरे एक वर्ष बाद। यहां पर मेरे समझ में यह नहीं आ रहा है कि मेरे द्वारा जनहित को देखते हुए जल संस्थान को दो टैंकर क्रय करने हेतु चालीस लाख रुपये विधायक निधि से जारी किए गए तथा महिला चिकित्सालय में लिफ्ट लगाने के लिए 40 लाख रुपये चिकित्सा विभाग को जारी किए गए। मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा जल संस्थान को तो धन उपलब्ध करा दिया गया लेकिन चिकित्सा विभाग को जारी धन को यह कहकर रोक दिया गया कि यह कार्य विधायक निधि की गाइड लाइन में नहीं आता।

विगत वर्ष में भी यही तर्क देकर लिफ्ट लगाने के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया था। जब इस विषय को माननीय मुख्यमंत्री के फरवरी 2025 में पिथौरागढ़ भ्रमण के दौरान जिला समीक्षा बैठक में उनके समक्ष रखा तो उनके द्वारा तुरंत तत्कालीन जिलाधिकारी को अनटाइड फंड से इस कार्य को करने का आदेश दिया गया। जो आज की तारीख तक नहीं हो पाया है और अब मैंने दोबारा इस कार्य हेतु धन जारी किया गया तो फिर से उसमें तरह तरह की अड़चनें पैदा की जा रही हैं। यहां पर ये उल्लेख करना आवश्यक है कि कांग्रेस सरकार में जब मैंने पिथौरागढ़ शहर हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु 40 लाख रुपये तथा शहर में फ्री वाई- फाई के लिए 1 करोड़ रुपये जारी किए तो तत्कालीन सरकार द्वारा तुरंत नियमों को शिथिल करते हुए अनुमति प्रदान कर दी गई। उस शासनादेश को मेरे द्वारा वर्तमान जिलाधिकारी को उपलब्ध करा दिया गया है। फिर भी इस जनहित के कार्य को इधर- उधर की फालतू बातें कर उलझाने का प्रयास किया जा रहा है, इसी लिए तो मैं कहता हूं कि हर शाख में उल्लू बैठा है।

## 17 मई की स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**अल्मोड़ा।** स्नातक स्तरीय परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में व्यापक तैयारियों की समीक्षा की गई। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सदस्य एस.एस. सिंह रौतेला ने शनिवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी अधिकारियों को किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से सभी स्तरों पर पुख्ता तैयारियां की जा रही हैं, ताकि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो सके। परीक्षा की निगरानी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों पर लगातार नजर रखी जाएगी। इसके अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले अनिवार्य रूप से पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि परीक्षा से एक दिन पूर्व सभी केंद्रों पर अभ्यास पूर्वाभ्यास कराया जाएगा।

## गेवंला-बरसाली में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**उत्तरकाशी।** ग्राम पंचायत गेवंला-बरसाली में शनिवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एवं जिला जज/अध्यक्ष के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। शिविर में प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार ने मानव तस्करी (रोकथाम, देखभाल व पुनर्वास) से जुड़े कानून, दिव्यांगजन योजनाएं, यूडीआईडी कार्ड तथा उपभोक्ता संरक्षण संबंधी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही असंगठित श्रमिकों, तस्करी पीड़ितों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए नालसा की विभिन्न योजनाओं एवं नि:शुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि विधिक सहायता क्लीनिक, पैनल अधिवक्ताओं और पराविधिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से आमजन को न्याय तक आसान पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है शिविर में प्राधिकरण के अधिवक्ता, कर्मचारी, पराविधिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डीएम के निर्देश पर खुली बास बसवाड़ी पाटी सड़क चार साल बाद दौड़े वाहन

## 32 किलोमीटर की दूरी घटकर हुई मात्र 7 किलोमीटर गांव में खुशी का माहौल

### अपने कृषि उत्पादों को खुद बाजारों में बेच सकेंगे अब किसान



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**चंपावत ।** जिले के पाटी ब्लॉक के दूरस्थ बास बसवाड़ी क्षेत्र में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों को यह खुशी जिला अधिकारी चंपावत मनीष कुमार के कारण मिली है। विधायक निधि से कटी बास बसवाड़ी पाटी सड़क लगभग 5 वर्ष पूर्व आपदा से बंद हो गई थी। ग्रामीणों के द्वारा कई बार शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सड़क को खुलवाने की मांग की गई थी पर सड़क नहीं खुली। सड़क बंद होने से ग्रामीणों को पाटी बाजार आने के लिए 32 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही थी।

क्षेत्र में टमाटर व अन्य सब्जियों को भरपूर मात्रा में उगाया जाता है पर अत्यधिक भाड़ा पढ़ने के कारण ग्रामीण व्यापारियों को ओने से दामों में अपने कृषि उत्पाद बेचने को मजबूर थे। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नैन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रकला मेहता ग्राम प्रधान किरन जोशी ,प्रतिनिधि विपिन जोशी के द्वारा जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार के सामने ग्रामीणों की समस्या को प्रमुखता से रखा गया ।जिलाधिकारी के द्वारा भी ग्रामीणों की समस्या का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग को सड़क खोलने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के द्वारा पिछले 5 सालों से बंद पड़ी सड़क को मजदूर लगाकर खोल दिया गया है । क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नैंन सिंह ने बताया जिलाधिकारी के निर्देश पर बंद पड़ी सड़क खुल चुकी है जिसमें 5 साल के बाद फिर से वाहन दौड़ने लगे हैं।

उन्होंने बताया सड़क बंद होने से उन्हें पाटी बाजार आने के लिए छिलका छीना होते हुए 32 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी जो घटकर अब मात्र 7 किलोमीटर रह गई है। पहले उन्हें एक और का ?70 भाड़ा देना पड़ता था अब वह ?60 में आना जाना कर सकेंगे। नैन सिंह ने बताया पूरे क्षेत्र में टमाटर सहित अन्य सब्जियों को भरपूर मात्रा में उगाया जाता है पर सड़क बंद होने से किसानों को अपने उत्पाद ओने- पोने दामों में व्यापारियों को बेचने पढ़ते थे। लेकिन अब किसान अपने उत्पादों को खुद लोहाघाट, चंपावत, पिथौरागढ़ ,पाटी, हल्द्वानी आदि शहरों में बेच पाएंगे । जिससे किसानों की आर्थिकी मजबूत होगी तथा किसानों को उनकी मेहनत का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा सड़क खुलने से गांव मे खुशी का माहौल है। कहा सड़क खुलने से मूलाकोट ,डूंगरकोट,अमोली , बास बसवाड़ी,कोटना , सांगों, पटन गांव, गोलनासेरी आदि ग्राम सभाओं की लगभग 8 हजार की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। तो वही ग्रामीणों ने उनकी सुध लेने तथा समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है ।कहा जिलाधिकारी चंपावत के कारण आज ग्रामीणों की बड़ी समस्या का समाधान हुआ है तथा गांव में खुशी लौटी है साथ ही ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग को भी धन्यवाद दिया। खुशी जताने में क्षेत्र पंचायत चंद्रकला मेहता,नैन सिंह मेहता, ग्राम प्रधान किरन जोशी ,प्रतिनिधि विपिन जोशी, हयात सिंह, विक्रम सिंह, नारायण सिंह ,राजेंद्र सिंह, राम सिंह, त्रिलोक सिंह , छतर सिंह सहित समस्त ग्रामीण मौजूद रहे। इस समस्या को पर्वत प्रेरणा के द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में चंपावत का ऐतिहासिक प्रदर्शन

- **हाईस्कूल में 5वां, इंटरमीडिएट में 4था स्थान**
- **हिमानी उप्रेती और यश अवस्थी ने किया टॉप, चंपावत का बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन**





**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**चंपावत ।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर द्वारा घोषित वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में जनपद चंपावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी सशक्त शैक्षिक पहचान स्थापित की है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम के परिणामस्वरूप जनपद ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों स्तरों पर शीर्ष स्थानों में स्थान बनाया है।मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जनपद का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहा। हाईस्कूल (कक्षा 10) में कुल 2,876 पंजीकृत छात्रों में से 2,845 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 94.80प्रतिशत छात्र सफल रहे।

इनमें 183 छात्र ऑनर्स, 886 प्रथम श्रेणी, 1,247 द्वितीय श्रेणी एवं 381 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं इंटरमीडिएट (कक्षा 12) में कुल 2,465 पंजीकृत छात्रों में से 2,450 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 2,281 छात्र सफल रहे और कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.10प्रतिशत दर्ज किया गया।जनपद चंपावत ने इस वर्ष सुधार करते हुए हाईस्कूल में प्रदेश में 5वां स्थान एवं इंटरमीडिएट में 4था स्थान प्राप्त किया।इसके अतिरिक्त प्रदेश की टॉप-25 वरीयता सूची में हाईस्कूल के 5 एवं इंटरमीडिएट के 6 छात्रों ने स्थान प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया है।हाईस्कूल में हिमानी उप्रेती ने 96.20प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया। अन्य मेधावी छात्र— संगीता भट्ट (94.60प्रतिशत), पवन सिंह रावत (94.60प्रतिशत), जलज ओली (92.80प्रतिशत), नरेंद्र कुमार (92.60प्रतिशत), आयुष जुकारिया (92.40प्रतिशत), दिव्यांशु जोशी (92.40प्रतिशत), प्राची पंचोली (91.60प्रतिशत), प्रिया बिष्ट (91.40प्रतिशत), सुमित जोशी (90.20प्रतिशत), हर्षित जोशी (90.20प्रतिशत), सृष्टि महरा (90प्रतिशत) एवं शिवांशी जोशी (90प्रतिशत)— ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इंटरमीडिएट में यश अवस्थी ने 93.80प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रमुख छात्र— रिया चौबे (93.20प्रतिशत), सांची जोशी (92.80प्रतिशत), मयंक जोशी (92.80प्रतिशत), हंसा भट्ट (92.60प्रतिशत), हेमा नायक (92.40प्रतिशत), धीरज चंद (92प्रतिशत), दीपांशु बोरा (91.60प्रतिशत), गौरव बिनवाल (91प्रतिशत), आदित्य तिवारी (90.80प्रतिशत), तनुजा उप्रेती (89.20प्रतिशत) एवं ऐश्वर्या उप्रेती (88.80प्रतिशत)— ने भी शानदार सफलता अर्जित की।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं गुरुजनों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें राष्ट्र एवं प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।

## जनगणना अभियान शुरू आज से घर-घर जाएंगे प्रगणक



**उत्तरकाशी।** जनगणना कार्य के तहत शनिवार से प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य शुरू करेंगे। इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रगणक पूरी जिम्मेदारी पारदर्शिता और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है जिसके आधार पर विभिन्न योजनाओं और नीतियों का निर्माण किया जाता है। जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि प्रगणकों को सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि सही आंकडे संकलित किए जा सके। साथ ही उन्होंने सभी चार्ज जनगणना अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करे और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

## प्रशिक्षित प्रगणकों ने संभाली कमान घर घर डिजिटल जनगणना 2027 का कार्य तेज़

**चंपावत।** जनपद चम्पावत में राष्ट्रीय महत्व के महाभियान 'भारत जनगणना 2027' का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। यह ऐतिहासिक अभियान न केवल जनसंख्या के आंकड़ों के संकलन का माध्यम है, बल्कि जनपद के समग्र, संतुलित एवं सतत विकास की आधारशिला भी सिद्ध होगा।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'डिजिटल इंडिया' परिकल्पना के अनुरूप इस बार जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्णत: डिजिटल स्वरूप में संपन्न किया जा रहा है। इससे डेटा संकलन में पारदर्शिता, तीव्रता एवं शुद्धता सुनिश्चित होगी, जो भविष्य की योजनाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।उन्होंने बताया कि आज से जनगणना के द्वितीय चरण के तहत प्रात: काल से ही प्रशिक्षित प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर डेटा संकलन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह चरण आगामी 24 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा।इस अवधि के दौरान भवनों की वर्तमान स्थिति, निर्माण की प्रकृति, उपयोगिता तथा परिवारों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, विद्युत, शौचालय, आवासीय स्थिति आदि का विस्तृत विवरण अत्याधुनिक 'हेलो एप्लीकेशन' के माध्यम से सीधे डिजिटल सर्वर पर दर्ज किया जा रहा है। इससे डेटा की वास्तविक समय में निगरानी एवं विश्लेषण संभव हो सकेगा।जिलाधिकारी ने आगे बताया कि यह संपूर्ण जनगणना अभियान दो प्रमुख चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण में भौतिक आधारभूत संरचना एवं आवासीय स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया था, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या से संबंधित सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय आंकड़ों का गहन संकलन किया जाएगा।उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं है, बल्कि यह शासन-प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण नीति-निर्माण उपकरण है। इसके माध्यम से ही संसाधनों का न्यायसंगत वितरण, लक्षित विकास योजनाओं का निर्माण तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाता है।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही यह महाभियान सफल हो सकेगा और चम्पावत को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकेगा।उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल माध्यम से संपन्न हो रही यह जनगणना चम्पावत को स्मार्ट प्रशासन और डेटा-आधारित विकास मॉडल की दिशा में अग्रसर करेगी, जिससे भविष्य की योजनाएं अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी बन सकेंगी।

## लोहाघाट में खुला आंगनबाड़ी क्रैच सेंटर

**लोहाघाट ।** नगर में निशुल्क राजकीय आंगनवाडी क्रैच सेंटर की सुविधा शुरू हो गई है। क्रैच सेंटर मे नौकरी पेशा दंपतियों के बच्चों की देखभाल की जाएगी। जिसमें 6 माह से लेकर 3 वर्ष उम्र तक के बच्चों को रखा जाएगा और उनकी देखभाल पूर्णतया सुरक्षित रूप से की जाएगी। क्रैच सेंटर में बच्चों की सभी सुविधाएं और उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान बारीकी से रखा जाएगा। यह योजना सरकार के द्वारा निशुल्क रखी गई है। क्रैच सेंटर के खुलने से उन दंपतियों को बड़ी राहत मिलेगी जो नौकरी पेशा है। नौकरी के दौरान अब उन्हें अपने बच्चों की देखभाल की चिंता नहीं रहेगी ।क्रेच सेंटर में उनके बच्चों का ध्यान पूर्णतया घर की तरह रखा जाएगा। क्रैच सेंटर मे क्रैच कार्य कार्यकर्ती सिमरन ,सुनीता देवी तथा क्रेच सहायिका पुष्पा उप्रेती के द्वारा बच्चों का ध्यान रखा जाएगा। पंजीकरण करने के लिए 8266 011818 /911 074 2329 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## आंगनबाड़ी कार्य कृतियों का धरना जारी



**चंपावत।** मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों, सेविकाओ का त्रिस्तरीय मांगों को लेकर संगठन अध्यक्ष मीना बोरा के नेतृत्व में 22वे दिन भी अनिश्चित कालीन धरना जारी रहा। कार्यकर्तियों ने सरकार की निष्क्रियता पर रोष जताते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की कहां जब तक मांगे नहीं मानी जाएगी आंदोलन जारी रहेगा। आंगनबाड़ी कार्य कृतियों के आंदोलन को उत्तराखंड क्रांति दल चंपावत जिला टीम का सहयोग एवम् समर्थन जारी रहा, जिसमें जिलाध्यक्ष दीपेश शर्मा, जिला महामंत्री विपिन शर्मा, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा, चंपावत ब्लॉक महामंत्री पीयूष तिवारी, मीडिया प्रभारी संजय भट्ट एवम् संदीप भट्ट मौजूद रहे।इस दौरान आंगनबाड़ी संगठन से चंपावत ब्लॉक अध्यक्ष दीपा पांडे, प्रदेश सदस्य विमला पानेरू, लीलावती जोशी ब्लॉक सदस्य, उमा त्रिपाठी, शांति गोस्वामी, सुनीता पांडे आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हाई स्कूल में नंबर काम आने पर छात्र ने लगाई फांसी हालत गंभीर

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**लोहाघाट ।** उत्तराखंड हाई स्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। तो वहीं लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत दिगाली चौड़ क्षेत्र के एक गांव के हाई स्कूल में पढ़ने वाले नाबालिग छात्र ने हाई स्कूल परीक्षा में कम नंबर आने पर घर के भीतर फांसी लगा ली।

छात्र को फांसी पर लटकते देख एक नन्ही बच्ची के द्वारा तत्काल परिजनों को सूचना दी गई। जिस पर परिजनों व ग्रामीणों के द्वारा छात्र को फांसी के फंदे से निकाल कर उपचार के लिए लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी के नेतृत्व में डॉक्टर हिमांशु सरन के द्वारा छात्र का उपचार किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी ने बताया छात्र की हालत काफी गंभीर है उप जिला चिकित्सालय में ईएनटी सर्जन ना होने की वजह से



छात्र को चंपावत जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है जिसे हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रिफर कर दिया है उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया आज छात्र का हाई स्कूल का रिजल्ट आया था जिसमें उसने 73 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। पर वह अपने अंकों से संतुष्ट नजर नहीं आया संभवत उसने इसी कारण से फांसी लगा ली। बेटे की हालत देखकर छात्र की मां का रो रो कर बुरा हाल है छात्र के पिता बाहर होटल में सर्विस करते हैं। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंद्र पांडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्कर सिंह बोरा तथा सामाजिक कार्यकर्ता सचिन जोशी ने अस्पताल में छात्र का हाल जाना तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया।

# दियूरी में अवैध उपखनिज भंडारण पर प्रहार

**चंपावत।** दियूरी क्षेत्र में अवैध खनन एवं भंडारण की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु खनन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। यह अभियान संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी एवं सख्त प्रवर्तन की रणनीति के तहत चलाया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान टीम को मौके पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 8-10 स्थानों पर उपखनिज (रेता आदि) के ढेर भंडारित पाए गए। हालांकि निरीक्षण के समय कोई भी व्यक्ति अवैध खनन या भंडारण करते हुए मौके पर उपस्थित नहीं मिला।प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हुआ कि उक्त उपखनिज का भंडारण बिना वैध अनुमति के किया गया था, जो खनन नियमों का उल्लंघन है।उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। विभागीय टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से भंडारित उपखनिज को मौके पर ही नष्ट कर दिया, जिससे अवैध रूप से संचित सामग्री का किसी भी प्रकार से उपयोग या परिवहन न किया जा सके। इसके अतिरिक्त, अवैध खनन एवं परिवहन के लिए उपयोग में लाए जा रहे कच्चे मार्ग को भी ध्वस्त कर दिया गया, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।अभियान के दौरान अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्र का गहन निरीक्षण करते हुए संभावित अन्य संवेदनशील स्थलों की भी पहचान की और स्थानीय स्तर पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, आसपास के ग्रामीणों को भी जागरूक करते हुए अवैध खनन से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।

खनन अधिकारी राहुल रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संयुक्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चारधाम यात्रा मार्ग पर मिलेंगे स्थानीय उत्पाद, जिलाधिकारी ने किया पिंक कियोस्क का उद्घाटन

**उत्तरकाशी ।** चारधाम यात्रा पर आने वाले देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए अब स्थानीय उत्पादों की खरीदारी और भी आसान होगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने शनिवार को हीना पार्किंग में 9 पोर्टेबल पिंक कियोस्क का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मध्य प्रदेश से आए तीर्थयात्रियों के साथ भी सीधा संवाद किया।

उन्होंने यात्रियों से यात्रा व्यवस्थाओं, सुविधाओं और स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक लिया। यात्रियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मार्ग पर स्थानीय उत्पाद मिलने से उन्हें शुद्ध वस्तुएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। इस विशेष पहल के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आजीविका में वृद्धि होगी तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगी। इन कियोस्क के माध्यम से स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए शुद्ध उत्पादों को सीधे बाजार उपलब्ध कराया गया है।

चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित हीना पार्किंग में पिंक कियोस्क पर यात्री जहां स्थानीय उत्पादों के स्वाद का लुत्फ ले सकेंगे वहीं स्थानीय



संस्कृति से भी रूबरू हो सकेंगे। यहाँ मुख्य रूप से पहाड़ी नमक (पिसा हुआ नमक) और स्थानीय अचार, बुरास,माल्टा का जूस, नींबू पानी, स्थानीय फलों से बने जैम तथा अन्य हस्तशिल्प उत्पाद मिलेंगें। जिलाधिकारी ने कहा कि हीना पार्किंग में स्थापित पोर्टेबल कियोस्क से यात्रियों को विश्राम के दौरान सुविधाजनक खरीदारी का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने के साथ-साथ 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को भी प्रभावी रूप से आगे बढ़ाएगी। जिलाधिकारी ने विश्वास जताया कि यह प्रयास महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे एक ओर श्रद्धालुओं को गुणवत्तापूर्ण स्थानीय उत्पाद उपलब्ध होंगे, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

इस दौरान सीडीओ जयभारत सिंह, डीडीओ रमेशचंद्र आर्य, परियोजना प्रबन्धक रीप कपिल उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना 25वें दिन भी जारी

**उत्तरकाशी।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना-प्रदर्शन 26वें दिन भी जारी रहा। लगातार चल रहे आंदोलन के बीच कार्यकत्रियों ने सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए अपनी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई।

विकास भवन स्थित धरना स्थल पर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से कम मानदेय और बढ़ते कार्यभार के बावजूद उनकी समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे कार्यकत्रियों में रोष बढ़ता जा रहा है। कार्यकत्रियों ने एकजुट होकर चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज करने की भी बात कही गई। धरने में विजयलक्ष्मी नौटियाल, वंदना नौटियाल, संगीता सेमवाल, सुमित्रा, किरण भंडारी, लखनी देवी, कुसुम मेहर सहित अनेक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## गंगोत्री यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाएं दुरुस्त, रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों की सुविधा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। हर्षिल से गंगोत्री धाम तक तैनात नोडल अधिकारी/मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. रजनीश सिंह ने शनिवार को विभिन्न पड़ावों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने होटल, ढाबा एवं होम-स्टे संचालकों को प्रतिष्ठानों पर रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित दर से अधिक वसूली न करने, स्वच्छता बनाए रखने और यात्रियों के साथ शालीन व्यवहार करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सुखी टॉप के पास महाराष्ट्र से आए तीर्थयात्रियों का वाहन तकनीकी खराबी के चलते रास्ते में ही बंद हो गया। इस पर डॉ. रजनीश सिंह ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों को अपने सरकारी वाहन से सुरक्षित हर्षिल पहुंचाया।इसके बाद प्रशासन द्वारा यात्रियों को गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया गया। समय पर मिली मदद से यात्रियों ने जिला प्रशासन का आभार जताया।

## नगर निगम इंस्पेक्टर के घर पर फायरिंग, खड़िया कारोबारी हिरासत में

**हल्द्वानी।** सुभाष नगर क्षेत्र में शनिवार रात उस समय सनसनी फैल गई, जब नगर निगम में तैनात एक इंस्पेक्टर के घर के बाहर फायरिंग कर दी गई। गनीमत रही कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के अनुसार, नगर निगम इंस्पेक्टर डुंगर सिंह परमार रात के समय अपने पोते के साथ घर के बाहर टहल रहे थे। तभी सामने वाले घर से निकले एक व्यक्ति ने अचानक उनकी ओर पिस्टल से फायर झोंक दिया। गोली इंस्पेक्टर के बेहद करीब से गुजरते हुए घर के शीशे को चीरकर अंदर सीढ़ियों पर जा लगी। फायरिंग की आवाज सुनते ही इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसके पास से पिस्टल भी बरामद की गई है। पीड़ित इंस्पेक्टर के अनुसार, फायरिंग करने वाला व्यक्ति अल्मोड़ा का खड़िया कारोबारी बताया जा रहा है और उनका उससे कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है। मामले में विजय मेहता (कोतवाल) ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। घटना के बाद पीड़ित परिवार और स्थानीय लोग भोटिया पड़ाव चौकी पहुंचे, जहां पुलिस को औपचारिक शिकायत दी गई।

## बस और बाइक की भीषण टक्कर के बाद लगी आग, बड़ा हादसा टला

**हल्द्वानी।** शनिवार रात लामाचौड़ क्षेत्र में एक भयावह सड़क हादसे ने लोगों को दहला दिया, जब एक प्राइवेट बस और एवेंजर बाइक की जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के मुताबिक, एक प्राइवेट बस हल्द्वानी से कालाढूंगी की ओर जा रही थी। जैसे ही बस लामाचौड़ के पास पहुँची, सामने से आ रही तेज रफ्तार एवेंजर बाइक सीधे बस के बोनट से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक की पेट्रोल टंकी फट गई और सड़क पर फैलते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। कुछ ही पलों में बाइक और बस का अगला हिस्सा आग की लपटों में घिर गया। ऊंची उठती लपटों से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुँची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में कोई यात्री सवार नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जबकि बस के इंजन को भी भारी नुकसान पहुँचा है। हैरानी की बात यह रही कि टक्कर के तुरंत बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस अब वाहन के नंबर के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में ओवरस्पीडिंग या नशे में वाहन चलाने की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद का मंजर बेहद भयावह था। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि कालाढूंगी मार्ग पर रात के समय कम दृश्यता और तेज रफ्तार अक्सर हादसों की वजह बनती है। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

## सीडीओ ने बोतड़ी क्षेत्र का किया दौरा

**बाराकोट।** चंपावत जिले के विकासखंड बाराकोट के बोतड़ी क्षेत्र का शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 जी0एस0 खाती के द्वारा दौरा किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा एवं अन्य विकास कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप प्रमुख आस्था के केंद्र रामेश्वर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मैदान निर्माण, रामेश्वर घाट की मरम्मत, टीन सेड निर्माण ,अंतिम संस्कार स्थल, क्रिया स्थल का निर्माण, घाट में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कार्य होने है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा यह चंपावत जिले का प्रमुख आस्था का केंद्र है।जहा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार विभिन्न विकास कार्य किया जा रहे है।उन्होंने बताया उनके द्वारा सभी अधिकारियों को निर्माण कार्य को समय से पूर्ण करने तथा गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान खंड विकास अधिकारी बाराकोट अवनीश कुमार उपाध्याय, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अशोक बिष्ट ,ग्राम प्रधान बोतोडी दीपक सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।